भारत सरकार
राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविधालय
लाजपत नगर, नई दिल्ली–110024

सत्यमेव जयते

वार्षिक हिन्दी दिवस

दिनांक 22.09.2025 एवं दिनांक 23.09.2025 को राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविद्यालय के महाविद्यालय सभागार में हिन्दी दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया।

सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं के अनेक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा इसी कड़ी में महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर महान व्यक्तियों की सुक्तियों के चार्ट/बैनर भी प्रदर्शित किए गए।

सर्वप्रथम, उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं नें सामूहिक रूप से राजभाषा हिंदी के प्रचार एवं प्रसार हेतु **राजभाषा प्रतिज्ञा** ली। इसके बाद कार्यकारी उप–प्रधानाचार्या महोदया डां.(श्रीमती) डेजी थॉमस, हिंदी कार्यान्वयन समिति के सदस्यों एवं अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवल्लित किया गया तथा उप–प्रधानाचार्या जी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं के नाम संदेश दिया तथा सबको अपना कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि राजभाषा विभाग के वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके एंव इसकी प्रतिशतता को शत प्रतिशत किया जा सके।

प्रतियोगिताओं की श्रंखला में **दिनांक 22.09.2025** को छात्राओं द्वारा सशक्त नारी स्वस्थ परिवार विषय पर **प्रथम प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता** आयोजित की गई जिसमें सबने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद **दिनांक 23.09.2025** को कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए एक **लघु नाटिका** का मंचन किया गया। इसके उपरांत **दूसरी प्रतियोगिता** में महाविद्यालय में कार्यरत्त सभी एमटीएस एवं संविदा कर्मचारियों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। **तीसरी प्रतियोगिता** स्वरचित कविता प्रतियोगिता थी जिसमें महाविद्यालय के फैकल्टी/स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। **चौथी प्रतियोगिता** तत्कालिक विचार प्रस्तुति थी जिसका विषय **जीवन शैली में सुधार की आवश्यकता** था। इसमें महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया एवं पुरस्कार जीते। आयोजन के बाद उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने विचार, एवं अनेक कविताऐं आदि प्रस्तुत किए गए।

पुरस्कार वितरण, जलपान, धन्यवाद प्रस्ताव एंव राष्ट्रगान के बाद आयोजन संपन्न हुआ।

भारत सरकार
राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविधालय
लाजपत नगर, नई दिल्ली–110024

सत्यमेव जयते

वार्षिक हिन्दी दिवस

दिनांक 22.09.2025 एवं दिनांक 23.09.2025 को राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविद्यालय के महाविद्यालय सभागार में हिन्दी दिवस का आयोजन

<u>पोस्टर प्रतियोगिता</u>

<u>लघु नाटिका</u>

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

स्वरचित कविता प्रतियोगिता

तत्कालिक विचार प्रस्तुति प्रतियोगिता

हिंदी कार्यान्वयन समिति के सदस्य

पुरस्कार वितरण

पुरस्कार विजेता